10/24

NAME	PLACE	DATE	PAGE
Vir Arjun	New Delhi	December 24, 2014	4

24.

स्वामी श्रद्धानन्द के आदर्श आज भी प्रासंगिकः उपाध्याय

हमारे संवाददाता

नई दिल्ली। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने आज स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस के अवसर पर कास्टीट्यूशन क्लब में केन्द्रीय आर्य युवक परिशद् द्वारा आयोजित एक समारोह में कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द का बलिदान और उनके कार्य आज भी देश में उतने ही प्रसंगिक,हैं जितने 1920 में थे। श्री उपाध्याय ने कहा कि स्वामी जी ने जहां अंग्रेजो के विरूद्ध स्वातंत्रता संग्राम में सक्रियता से भागीदारी की तो एक सामाजिक परिवर्तक के रूप में आर्य समाज के माध्यम से छुआछूत को मिंटाने के लिए कार्य किया। हिन्दु-मुस्लिम एकता और शिक्षा के माध्यम से सबका विकास उनके जीवन का ध्यये था। आज लगभग 10 दशक बाद हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में देश में एक ऐसा ही विकास पुरूश देख रहे हैं जिसने जाति-पाति, धर्म के बंधनों से हटकर, शिक्षा के माध्यम से सबका विकास करने का बीडा उठाया है। फिक्की की महिला शाखा द्वारा आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय ने महिला उद्यमियों से आवाह्न किया कि वह स्वच्छता एवं शिक्षा के लिये दिल्ली के नगर निगमों कों अपना सहयोग दें। आप समाज का साधन सम्पन्न वर्ग हैं और अपने उद्यमों के माध्यम से स्कूलों में टायलेट और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने में अपना सहयोग दे सकते हैं। इस अवसर पर फिक्की कार्यकारी बोर्ड की सदस्या सुश्री हरजिन्दर कौर एवं सुश्री नीतो बोचरा ने घोशणा की कि फिक्की महिला शाखा ने आईटीआई और नगर निगम के प्राइमरी स्कूलों में कार्य करने का निर्णय लिया है। संस्था बालिकों के लिए स्कूलों में टायलेट बनाने और छात्राओं में स्वच्छता और सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रचार करेगी जिसके लिए प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी। साथ ही फिक्की नगर निगमों को डस्टबिन लगाने के कैम्पैन में भी सहयोग करेगा।

स्वामी श्रद्धानन्द बलिदान दिवस पर सतीश उपाध्याय को सम्मानित करते आर्य नेता।